# राजस्थान परिवहन निगम

# निर्माण विभाग

# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर

## तकनीकी स्टाफ पोजिशन निर्माण शाखा मुख्यालय जयपुर

| क.सं. | पद नाम | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधीक्षण अभियन्ता (निर्माण) | 1 | 1 | — | |
| 2 | अधिशाषी अभियन्ता (निर्माण) | 2 | — | 2 | सहायक अभियंता को अतिरिक्त चार्ज |
| 3 | सहायक अभियन्ता (निर्माण) | 5 | 1 | 4 | — |
| 4 | सहायक अभियन्ता (विद्युत) | 1 | — | 1 | एक कनिष्ट अभियंता(विद्युत) कार्यरत |
| 5 | कनिष्ट अभियन्ता (निर्माण) | 6 | 1 | 5 | दो जेसीटीएसएल के परिचालक जिनके पास निर्माण कार्यो की तकनीकी योग्यता है, से सिविल सम्बन्धी कार्य सम्पादित करवाये जा रहे है। |
| 6 | सहायक वास्तुविद | 1 | — | 1 | — |
| 7 | वरिष्ठ प्रारूपकार | 2 | — | 2 | — |

# केन्द्रीय बस स्टैण्ड, सिन्धी कैम्प, जयपुर के निर्माण/विकास कार्यों के सम्बन्ध में प्रगति विवरण

- राज्य सरकार के बजट वर्ष 2017–18 में सिन्धी कैम्प बस अड्डे के विकास एवं मल्टी मॉडल बनाने हेतु अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाये जाने की घोषणा की गई।
- वित्त विभाग द्वारा दिनांक 12.10.17 को निगम की वर्तमान वित्तीय स्थिति में निगम द्वारा वहन की जाने वाली राशि के क्रम में पूर्व में आंशिक रूप से निर्मित स्ट्रक्चर को उपयोगी बनाये जाने के लिए करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों को न्यूनतम राशि में पूर्ण करवाये जाने की सलाह दी गई।
- केन्द्रीय बस स्टैण्ड, सिन्धी कैम्प, जयपुर 28988.42 वर्गमीटर भूमि में स्थित है। प्रस्तावित निर्माण कार्य का Builtup Area 5574.00 वर्गमीटर है।

- उक्त के क्रम में सिन्धी कैम्प बस स्टैण्ड पर प्रस्तावित कार्यों में निम्न कार्य शामिल किये गये हैंः—

1. निर्मित बेसमेन्ट स्ट्रक्चर में पार्किंग हेतु विकास।
2. निर्मित ग्राउण्ड फ्लोर स्ट्रक्चर में 08 बस वेज, यात्री शेड, बुकिंग विण्डो, शौचालय, वातानुकूलित यात्री प्रतीक्षालय, फूड कोर्ट एवं दुकानों का निर्माण।
3. प्रथम व द्वितीय मंजिल स्ट्रक्चर में यात्रियों की सुविधार्थ दुकानें तथा वाणिज्यिक उपयोग हेतु विकसित करना।
4. सीसीटीवी कैमरे, वाई फाई, अनाउन्समेन्ट सिस्टम, लिफ्ट, एस्केलेटर, फायर फाईटिंग सिस्टम, विद्युतीकरण एवं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्थापित करना।
5. सोलर प्लांट (15 KV) की स्थापना।

- निगम द्वारा प्रस्तावित कार्यों पर पूर्व में करवाये जा चुके 6.50 करोड रूपये के कार्यों के अतिरिक्त 20.00 करोड रूपये के अनुमानित व्यय से अवगत करवाते हुए 10.00 करोड रूपये वित्तीय वर्ष 2017–18 में एवं 10.00 करोड रूपये वित्तीय वर्ष 2018–19 में निगम को उपलब्ध करवाने हेतु दिनांक 26.10.17 को परिवहन एवं वित्त विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किये गये।
- निगम मण्डल की बैठक दिनांक 14.11.2017 में इस कार्य हेतु प्रस्तावों का अनुमोदन करवाया गया।
- वित्त विभाग, राज्य सरकार द्वारा दिनांक 11.12.17 को उक्त कार्य हेतु राशि 20.00 करोड रूपये के व्यय की सहमति दी गई।
- राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए राशि 10.00 करोड रूपये में से पूर्व में दिये गये ऋण की शेष उपलब्ध राशि 3.50 करोड कम करते हुए 6.50 करोड रूपये एवं वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए राशि 10.00 करोड रूपये ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया गया।

- इस कार्य हेतु RSRDC से दि0 22.12.17 को MOU संम्पादित किया गया।
- निगम द्वारा अभी तक RSRDC में राशि 17.00 करोड रूपये एडवांस के रूप में जमा करवाए गये हैं।
- इस कार्य हेतु निगम द्वारा मैसर्स एटीकेवी कन्शल्टेन्ट प्राईवेट लिमिटेड नई दिल्ली को वास्तु सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- निर्माण कार्य सम्पादन की अवधि RSRDCC द्वारा 09 माह निर्धारित की गई है।
- RSRDCC द्वारा कार्य आदेश क्रमांक 1107–1109 दिनांक 05.02.2018 जारी किया गया। जिसके अनुसार कार्य दिनांक 05.11.2018 तक पूर्ण किया जाना था।
- वर्तमान में कार्य लगभग संम्पादित हो चुका है।

- नवनिर्मित भवन के अतिरिक्त, बसों के आवागमन क्षेत्र में सीसी रोड का निर्माण कार्य संभावित बचत राशि के तहत RSRDCC द्वारा संपादित किया जा रहा है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।

## केन्द्रीय बस स्टैण्ड, सिन्धी कैम्प, जयपुर पर चालक/परिचालक विश्राम गृह निर्माण

- इस हेतु राशि 42.00 लाख रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।
- विश्राम गृह में महिलाओं के लिये 12 बेड, अटैच टॉयलेट व बाथरूम तथा पुरूषों के लिये 44 बेड, 4 टॉयलेट, 4 बाथरूम व मुत्रालय बनाने के प्रस्ताव तैयार किये गये।
- वर्तमान में कार्य पूर्ण हो चुका है।

# प्रस्तावित केन्द्रीय बस स्टेण्ड, जोधपुर के विस्तार एवं विकास कार्य

- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019–20 की बजट घोषणा के अनुसार जोधपुर पावटा फल–सब्जी मण्डी क्षेत्र में आधुनिक बस स्टेण्ड का निर्माण करवाया जाना है।
- बस स्टेण्ड पावटा फल–सब्जी मण्डी की सम्पूर्ण भूमि 17 बीघा 5 बिस्वा में विकसित किया जावेगा।
- प्रथम चरण में बेसमेन्ट पार्किंग, भू–तल पर 27–बस वेज, पीने का पानी, आधुनिक टॉयलेट, यात्री प्रतीक्षालय, बुकिंग बूथ, केन्टीन, चालक परिचालक विश्राम गृह, पार्किंग क्षेत्र इत्यादि एवं प्रथम मंजिल पर बैंक, कार्यालय, फूड कोर्ट तथा अन्य वाणिज्यिक परिसर विकसित किया जाना एवं राई का बाग रेलवे स्टेशन को फुटब्रिज के माध्यम से बस टर्मिनल से जोडा जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों की अनुमानित लागत 30 करोड़ रूपये है।

- द्वितीय चरण में बस स्टेण्ड से बसों के संचालन हेतु कार्यशाला का कार्य एवं प्रथम चरण में निर्मित भवन की द्वितीय मंजिल पर वाणिज्यक परिसर इत्यादि निर्माण कार्य शामिल किये गये है। प्रस्तावित कार्यों की अनुमानित लागत 8 करोड़ रूपये है।
- तृतीय चरण में वर्तमान बस स्टेण्ड जिसका क्षेत्रफल 7590.95 वर्गमीटर है, जिसमें वाणिज्यक परिसर का विकास कार्य बी.ओ.टी. के आधार पर संम्पादित करवाया जाना प्रस्तावित है।
- बजट घोषणा की क्रियान्विति हेतु प्रथम व द्वितीय चरण के कार्यों के लिये वित्तीय वर्ष 2019–20 में राशि 15 करोड़ रूपये एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 में राशि 23 करोड़ रूपये का अनुदान स्वीकृत किये जाने हेतु राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है।

- कृषि उपज मण्डी समिति(फल–सब्जी) जोधपुर द्वारा 17 बीघा 05 बिस्वा में से 12 बीघा 04 बिस्वा (19724.71 वर्गमीटर) भूमि का हस्तानांतरण निगम को किया जा चुका है तथा निगम द्वारा दिनांक 08.11.2019 को उक्त भूमि का भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया है।
- राज्य सरकार द्वारा प्राप्त भूमि पर निर्माण कार्यो की डीपीआर बनवाये जाने हेतु आरएसआरडीसी को निर्देशित किया गया है।
- राजस्थान सरकार परिवहन विभाग द्वारा पत्र दिनांक 12.02.2020 से इस वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए राशि 5.00 करोड रू की अनुदान की सहमति दी गई है।

## देसूरिया विश्नोईयान, जोधपुर में स्थित भूमि पर केन्द्रीय कार्यशाला एवं आगार कार्यशाला निर्माण

- जोधपुर बस स्टेण्ड के विकास एवं पावटा स्थित फल सब्जी मंडी में विस्तार एवं विकास के लिये गौण मण्डी यार्ड (फल सब्जी) को भदवासिया स्थित निगम केन्द्रीय एवं आगार कार्यशाला की भूमि में स्थानान्तरित किये जाना है।
- इस कार्य हेतु वर्ष 2013 में राज्य सरकार द्वारा 8.70 करोड रू0 के ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत किया गया था जिसकी प्रथम किस्त के रूप में 2.90 करोड रूपये वर्ष 2013 में उपलब्ध करवायें गये।
- निगम द्वारा देसुरिया विश्नोईयान में उपलब्ध 17 बीघा भूमि पर केन्द्रीय एवं आगार कार्यशाला जोधपुर के निर्माण कार्य हेतु राशि 6,92,17,289/- रूपये के कार्यादेश जारी किये गये। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। निमार्ण कार्यो एवं प्लांट मशीनरी की कुल अनुमानित लागत 8.70 करोड रूपये है।

- राज्य सरकार द्वारा इस कार्य हेतु स्वीकृत ब्याजमुक्त ऋण की राशि को अनुग्रह राशि के रूप में परिवर्तित करते हुए शेष राशि 5.80 करोड रू0 निगम को उपलब्ध करवाये जाने हेतु राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है।
- राज्य सरकार परिवहन विभाग के पत्र दिनांक 12.02.2020 के अनुसार पूर्व में स्वीकृत 8.70 करोड रू के ब्याज मुक्त ऋण को अनुदान में परिवर्तित किया गया है एवं द्वितीय किश्त हेतु प्रस्ताव चाहे गये है। निर्माण शाखा द्वारा प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित किये जाने हेतु निगम की वित्त शाखा को प्रेषित कर दिये गये है।

धन्यवाद